# कारगिल विजय दिवस व आजादी के 75 वर्ष के अ�

NSS Dinesh 26 Jul, 2023

राजकीय महाविद्यालय सराहां में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में कारगिल विजय दिवस व आजादी के 75 वर्ष के अमृत महोत्सव के उपलक्ष पर 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर तथा हनुमान मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के लगभग 80 पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पंच प्रण की शपथ दिलवाई गई व युवा पोर्टल के बारे में भी जानकारी उपलब्ध दी गई तथा 2 साल सेवा पूरी करने वाले स्वयंसेवियों को कार्यवाहक प्राचार्य श्री जगमोहन सिंह ठाकुर द्वारा प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर प्राचार्य महोदय ने स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया तथा समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। हनुमान मंदिर के प्रबंधक ने भी स्वयंसेवियों की प्रशंसा करते हुए समाज सेवा में उनके योगदान की सराहना की। महाविद्यालय परिसर में आयोजित पौधारोपण में महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य के अतिरिक्त सहायक आचार्य समाजशास्त्र श्री सुध्यान नेगी, सहायक आचार्य वाणिज्य श्री सुदेश कुमार, सहायक आचार्य इतिहास श्री कृष्ण कुमार, सहायक आचार्या हिंदी विभाग श्रीमती मोल्लम डोलमा व सहायक आचार्या संगीत विभाग श्रीमती रीमा शर्मा के अलावा कार्यालय अधीक्षक श्री शंभूनाथ तथा क्लर्क श्री संजीव कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री दिनेश कुमार द्वारा सभी का धन्यवाद करने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।